This booklet contains **48** Printed pages.
इस पुस्तिका में **48** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# SED-24-I

**Main Test Booklet No. / मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या**

## PAPER-I / प्रश्न-पत्र-I
## MAIN TEST BOOKLET/मुख्य परीक्षा पुस्तिका

**Main Test Booklet Code / मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड**

**J**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/ marking responses in the OMR Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **J**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the OMR Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q.Nos. 1-30) |
| Part-II | : Mathematics | (Q.Nos. 31-60) |
| Part-III | : Environmental Studies | (Q.Nos. 61-90) |
| Part-IV | : Language-I (English/Hindi) | (Q.Nos. 91-120) |
| Part-V | : Language-II (English/Hindi) | (Q.Nos. 121-150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of J Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/ answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं ओएमआर उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड J** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, ओएमआर उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और ओएमआर उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और ओएमआर उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : गणित | (प्रश्न सं. 31-60) |
| भाग-III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं. 61-90) |
| भाग-IV | : भाषा-I (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : भाषा-II (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया J कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
7. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई ख़ाली जगह पर ही करें।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ______________________

: in words (शब्दों में) ______________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ______________ Invigilator's Signature : ______________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ______________________

## PART - I / भाग - I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :** Answer the following questions (Q. Nos **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.*

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 30) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।*

**1.** Mastery Oriented learners typically attribute success to __________ and failure to __________.

(1) ability and good luck; low ability
(2) ability and effort; insufficient effort
(3) ability and good luck; task difficulty
(4) ability and effort; bad luck

महारत उन्मुख शिक्षार्थी आमतौर पर सफलता का श्रेय __________ को देते हैं और असफलता को __________ ।

(1) योग्यता और अच्छी किस्मत; निम्न योग्यता
(2) योग्यता और कोशिश; अपर्याप्त कोशिश
(3) योग्यता और अच्छी किस्मत; कार्य कठिनाई
(4) योग्यता और कोशिश; खराब किस्मत

**2.** **Assertion (A) :** Scaffolding provided by the teachers hinders the learning process of children.

**Reason (R) :** Lev Vygotsky proposed that children learn independently by acting upon and manipulating the environment.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया आलम्बन बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में बाधा डालता है।

**कारण (R) :** लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया कि बच्चे स्वतंत्र रूप से पर्यावरण पर कार्य करके और उसमें हेरफेर करके सीखते हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**3.** **Assertion (A) :** Teachers should distance themselves from students and place primary responsibility for learning on them only.

**Reason (R) :** Learning takes place affectively in an authoritative rather than a democratic environment.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को छात्रों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए और अधिगम की प्राथमिक जिम्मेदारी उन्हीं पर डालनी चाहिए।

**कारण (R) :** अधिगम एक लोकतांत्रिक वातावरण के बजाय एक एकाधिकारवादी वातावरण में प्रभावी ढंग से होता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

4. In developmental terms, a time frame where an individual upholds an amplified sensitivity to particular incentives for developing particular skills to function in an efficient manner is referred to as __________ of development.

(1) Critical period (2) Encoding period
(3) Incentive period (4) Stimulus period

विकास के संदर्भ में, एक समय सीमा जिसमें एक व्यक्ति विशिष्ट उत्प्रेरणाओं के प्रति परिवर्धित संवेदनशीलता रखता है जिससे कि वह कुशल तरीके से कार्य करने के लिए विशेष कौशल विकसित कर सके, वह विकास की __________ कहलाई जाती है।

(1) चुनौतीपूर्ण अवधि (2) कूटलेखन/एन्कोडिंग अवधि
(3) प्रोत्साहन अवधि (4) उत्प्रेरक अवधि

5. Dysgraphia is characterised by :

(1) Lack of reading fluency (2) Repetitive behavioural patterns
(3) Delayed motor skills (4) Difficulties in writing

लेखन वैकल्य की विशेषता है :

(1) पढ़ने के प्रवाह में कमी (2) दोहरावदार व्यवहार
(3) विलंबित गतिक कौशल (4) लिखित कार्य में चुनौती

6. Lawrence Kohlberg argued that :

(1) moral development occurs progressively in stages.
(2) there are gender differences in moral reasoning of children.
(3) moral development in children occurs in a continuous manner.
(4) there are cultural differences in moral reasoning of children.

लॉरेंस कोहलबर्ग ने तर्क दिया है कि –

(1) नैतिक विकास क्रमिक चरणों में होता है।
(2) बच्चों के नैतिक तर्क में लिंग भेद होते हैं।
(3) बच्चों में नैतिक विकास निरंतर रूप से होता है।
(4) बच्चों के नैतिक तर्क में सांस्कृतिक अंतर होते हैं।

7. Children learn better if they experience :

(1) High degree of anxiety to perform (2) Learned helplessness
(3) Low level of alertness during activity (4) Moderate level of excitement to learn

बच्चे जब __________ अनुभव करते हैं तो बेहतर रूप से सीखते हैं।

(1) प्रदर्शन करने के लिए उच्च स्तर पर चिंता (2) अधिगम विवशता
(3) गतिविधि के दौरान निम्न स्तर की सतर्कता (4) सीखने के लिए मध्यम स्तर का उत्साह

8. Which of the following statement represents 'Proximodistal' principle of development ?

(1) Children develop ability to grasp the ball before putting beads in thread.
(2) Children develop ability to sit up before standing.
(3) Development is multidirectional and multidimensional.
(4) Identical twins living in different cultures can develop at different rates.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन विकास के 'समीप-दूराभिमुख' सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करता है ?

(1) मोतियों को धागे में पिरोने से पहले बच्चे गेंद को पकड़ने की क्षमता विकसित करते हैं।
(2) बच्चों में खड़े होने से पहले बैठने की क्षमता का विकास होता है।
(3) विकास बहु-दिशात्मक और बहु-आयामी होता है।
(4) अलग-अलग संस्कृतियों में रहने वाले हमशक्ल जुड़वां अलग-अलग दरों से विकसित हो सकते हैं।

9. According to Vygotsky children speak to themselves :
(1) Because they are egocentric.
(2) Because their thought is illogical.
(3) To aid thought and for self-regulation.
(4) To provide self-reinforcement when adults are ignoring them.
वायगोत्स्की के अनुसार बच्चे स्वयं से बात करते हैं :
(1) क्योंकि वे आत्मकेंद्रित होते हैं।
(2) क्योंकि उनकी सोच अतार्किक है।
(3) विचार और आत्म-नियमन में सहायता के लिए।
(4) आत्म-सदृढ़ीकरण प्रदान करने के लिए जब वयस्क उन्हें अनदेखा कर रहे हों।

10. According to Vygotsky's theory of learning and development, which of the following is an example of scaffolding ?
(1) Providing a student with a reading assignment and asking them to answer questions independently.
(2) Demonstrating a skill to a student and then having them master it on their own.
(3) Breaking a task down into smaller steps and providing support as needed.
(4) Providing a student with a grade for their work as motivation.
वायगोत्स्की के सीखने और विकास के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा आलम्बन का उदाहरण है ?
(1) एक छात्र को पढ़ने का कार्य देना और उन्हें स्वतंत्र रूप से सवालों के जवाब देने के लिए कहना।
(2) एक छात्र को एक कौशल का प्रदर्शन करना और फिर उन्हें अपने दम पर इसमें महारत हासिल करना।
(3) किसी कार्य को छोटे चरणों में तोड़ना और आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करना।
(4) अभिप्रेरणा के रूप में एक छात्र को उनके काम के लिए एक श्रेणी प्रदान करना।

11. Which of the following correctly describes extrinsic motivation ?
(1) Motivation that comes from personal enjoyment of the task.
(2) Motivation that comes from internal factors.
(3) Motivation that comes from environmental consequences.
(4) Motivation that comes from a sense of personal satisfaction.
निम्न में से कौन सा बाहरी अभिप्रेरणा का सही वर्णन करता है ?
(1) अभिप्रेरणा जो कार्य के व्यक्तिगत आनंद से आती है।
(2) अभिप्रेरणा जो आंतरिक कारकों से आती है।
(3) अभिप्रेरणा जो वातावरणीय परिणामों से आती है।
(4) अभिप्रेरणा जो व्यक्तिगत संतुष्टि की भावना से आती है।

12. Children -
(1) Are greatly influenced by the social cultural context they grow up in.
(2) Come into this world as *tabula rasa* or blank slate.
(3) Are born unruly and need to be socialized.
(4) Come into this world with genetic codes that determine their destiny.
बच्चे -
(1) उस सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ से बहुत प्रभावित होते हैं जिसमें वे बड़े होते हैं।
(2) इस संसार में 'खाली स्लेट' या 'कोरी पट्टी' के रूप में आते हैं।
(3) अनियंत्रित पैदा होते हैं और उन्हें सामाजिक होने की आवश्यकता होती है।
(4) इस दुनिया में आनुवंशिक कोड के साथ आते हैं जो उनकी नियति तय करते हैं।

13. **Assertion (A) :** Children below the age of 5 - 6 years should not be pressurized to write 'properly' and 'within the lines'.

**Reason (R) :** Children gain a control of finer motor skills from 5 - 6 years onwards.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** 5 - 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 'ठीक से' और 'रेखाओं के भीतर' लिखने के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए।

**कारण (R) :** बच्चे 5 - 6 साल के बाद गतिक कौशल का बेहतर नियंत्रण प्राप्त करते हैं।

सही **विकल्प** चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

14. At which level of Kohlberg's moral development does individual's ethical behavior mainly depends on the mindset that "what do people think of me"?

(1) Preconventional (2) Conventional
(3) Postconventional (4) Non-conventional

कोहलबर्ग के नैतिक विकास के किस चरण में व्यक्ति का नैतिक व्यवहार मुख्य रूप से इस मानसिकता पर निर्भर करता है कि ''लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं''?

(1) पूर्व-पारंपरिक (2) पारंपरिक
(3) उत्तर-पारंपरिक (4) गैर-पारंपरिक

15. **Assertion (A) :** Teachers should use multisensory materials to cater to needs of students in an inclusive classroom.

**Reason (R) :** Inclusive classrooms should adopt standardization of curricular materials as well as assessment strategies.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** एक समावेशी कक्षा में छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षकों को बहुसंवेदी सामग्री का उपयोग करना चाहिए।

**कारण (R) :** समावेशी कक्षाओं को पाठ्यचर्या सामग्री के मानकीकरण के साथ-साथ मूल्यांकन रणनीतियों के मानकीकरण को अपनाना चाहिए।

सही **विकल्प** चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**16.** Children often come up with their own explanations of events around them. On being probed as to why does it rain Sia says - "God was tired of carrying the buckets of water on his shoulders". Such explanations :

(1) Prove that children's thinking is much lesser than adults quantitively.
(2) Indicate that children have naïve understanding rooted in their cultural context with which they try to understand events.
(3) Depict that children have an egocentric view and cannot consider other's viewpoint.
(4) Illustrate that children are not capable of any reasoning.

बच्चे अक्सर अपने आस-पास की घटनाओं की अपनी व्याख्या लेकर आते हैं। बारिश क्यों होती है, यह पूछे जाने पर सिया कहती है- ''भगवान अपने कंधों पर पानी की बाल्टियां ढ़ो-ढ़ोकर थक चुके थे।'' ऐसी व्याख्याएं-

(1) साबित करती हैं कि बच्चों की सोच वयस्कों की तुलना में 'मात्रात्मक' रूप से बहुत कम है।
(2) संकेत देती हैं कि बच्चों में अपने सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल 'सहज' समझ होती है जिससे वे घटनाओं को समझने की कोशिश करते हैं।
(3) चित्रित करती हैं कि बच्चों का एक आत्मकेंद्रित दृष्टिकोण है और वे दूसरे के दृष्टिकोण पर विचार नहीं कर सकते।
(4) स्पष्ट करती हैं कि बच्चे तर्क करने में सक्षम नहीं हैं।

**17.** Piaget described cognitive development as occurring in :

(1) Four qualitatively different stages
(2) Three progressive levels
(3) A continuous continuum
(4) Four overlapping culture specific stages

पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास का किस प्रकार वर्णन किया है ?

(1) चार गुणात्मक रूप से भिन्न चरण में
(2) तीन प्रगतिशील स्तर में
(3) एक सतत निरंतरता के रूप में
(4) चार अतिव्यापी संस्कृति विशिष्ट चरण में

**18.** **Assertion (A) :** Teacher should encourage boys of her class to participate in sports while assigning art decoration to girls.

**Reason (R) :** Children acquire gender roles primarily because of the underlying biological differences.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षिका को अपनी कक्षा के लड़कों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए व लड़कियों को कला अलंकरण के कार्य देने चाहिए।

**कारण (R) :** बच्चे मुख्य रूप से अंतर्निहित जैविक भिन्नताओं के कारण जेंडर भूमिकाएं ग्रहण करते हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

19. In order to cater to needs of students struggling with Attention Deficit Hyperactivity Disorder teachers should avoid :

(1) Breaking the task into small easily manageable parts

(2) Using multi-sensory materials

(3) Creating distractions and making noises

(4) Flexibility in curricular materials and instructions

शिक्षकों को ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार से जूझ रहे छात्रों की आवश्यकताओं का ध्यान रखते समय __________ से बचना चाहिए।

(1) कार्य को छोटे आसानी से प्रबंधनीय भागों में तोड़ने

(2) बहु-संवेदी सामग्री का उपयोग करने

(3) विकर्षण और शोर करने

(4) पाठ्यक्रम सामग्री और निर्देशों में लचीलेपन

20. Kinesthetic learners prefer to learn through __________.

(1) doing and moving (2) listening

(3) seeing (4) touching

गतिसंवेदी शिक्षार्थी __________ के माध्यम से सीखना पसंद करते हैं।

(1) करने और चलने-फिरने (2) सुनने

(3) देखने (4) छूने

21. During play time at school, Rishab, a 7-year-old boy picked a doll to play with. Some of his peers made fun of him for his choice of toy. As a teacher who wants his students to grow up with gender role flexibility, which of the following would be the best response to the situation by the teacher ?

(1) Let Rishabh play with doll and tell other children that they can also choose any toy of their choice.

(2) Quitely take away the doll and give a car toy to Rishabh without saying anything.

(3) Talk to Rishabh that dolls are suitable for girls and boys should not play with dolls.

(4) Tell Rishabh that he should play with something else because his friends won't approve of him playing with doll.

विद्यालय में खेलने के समय, ऋषभ, एक 7 वर्षीय लड़के ने खेलने के लिए एक गुड़िया उठाई। उसके कुछ साथियों ने उसकी इस पसंद के खिलौने के लिए उसका मज़ाक उड़ाया। एक शिक्षक जो अपने विद्यार्थियों में लैंगिक भूमिका के सन्दर्भ में लचीलापन विकसित करना चाहता है, को इस स्थिति में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतिक्रिया देनी चाहिए ?

(1) ऋषभ को गुड़िया के साथ खेलने देना चाहिए और दूसरे बच्चों को कहना चाहिए कि वे भी अपनी पसंद का कोई खिलौना चुन सकते हैं।

(2) बिना कुछ कहे गुड़िया को हटा देना चाहिए और ऋषभ को खेलने के लिए कार दे देनी चाहिए।

(3) ऋषभ से बात करनी चाहिए कि गुड़िया लड़कियों के लिए उपयुक्त हैं और लड़कों को गुड़िया के साथ नहीं खेलना चाहिए।

(4) ऋषभ से कहना चाहिए कि वह किसी और खिलौने के साथ खेले क्योंकि उसके दोस्तों को यह मंज़ूर नहीं है कि वह गुड़िया के साथ खेले।

22. **Assertion (A) :** Effective teachers familiarize themselves with daily lives and socio-cultural backgrounds of learners.

**Reason (R) :** Learning takes place in a social context.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** प्रभावी शिक्षक खुद को शिक्षार्थियों के दैनिक जीवन और उनकी सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से परिचित कराते हैं।

**कारण (R) :** सीखना एक सामाजिक संदर्भ में होता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

23. Inclusion needs to be promoted through :

(i) Flexible curriculum (ii) Cooperative learning
(iii) Segregation and labelling (iv) Accessibility of building

(1) (i) (ii) (iii) (2) (i) (ii) (iv) (3) (ii) (iii) (iv) (4) (i) (ii) (iii) (iv)

समावेशन को बढ़ावा देने के लिए क्या आवश्यक है?

(i) लचीला पाठ्यक्रम (ii) सहयोगात्मक अधिगम
(iii) पृथकरण और नामीकरण (iv) गम्य इमारतें

(1) (i) (ii) (iii) (2) (i) (ii) (iv) (3) (ii) (iii) (iv) (4) (i) (ii) (iii) (iv)

24. According to Jean Piaget a child who is unable to understand the logic behind simple mathematical reversals such as $4+5=9$ so $9-5=4$, it is because of :

(1) egocentrism (2) perceptual centration
(3) animistic thinking (4) irreversibility

जीन पियाजे के अनुसार एक बच्चा जो सरल गणितीय उत्क्रमण जैसे $4+5=9$ तो $9-5=4$ के पीछे के तर्क को समझने में असमर्थ है, इसका कारण है :

(1) आत्मकेन्द्रियता (2) अवधारणात्मक केंद्रीकरण
(3) जीववादी सोच (4) अपरिवर्तनीयता

25. In the constructivist view :

(1) Learning is extending and transforming the current understanding.
(2) Learning is simply writing associations on the blank slates of our brains.
(3) Individuals are passively influenced by environmental events.
(4) Individuals are conditioned to learn new behaviours.

रचनावादी दृष्टिकोण से :

(1) सीखना वर्तमान समझ का विस्तार और परिवर्तन है।
(2) सीखना बस हमारे दिमाग की कोरी स्लेट पर संघों को लिखना है।
(3) व्यक्ति पर्यावरणीय घटनाओं से निष्क्रिय रूप से प्रभावित होते हैं।
(4) व्यक्तियों को नए व्यवहार सीखने के लिए अनुकूलित किया जाता है।

26. In order to help students to become good problem solvers, a teacher should emphasize on the practice of :
(1) breaking large complex problems into smaller manageable problems.
(2) centering only on one particular piece of information related to problem.
(3) focusing on information that confirms existing beliefs and preconceptions.
(4) approaching problems in a particular fixed fashion.

अच्छे समस्या समाधानकर्ता बनने में विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए, एक शिक्षक को निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया पर बल देना चाहिए ?
(1) बड़ी और जटिल समस्याओं को छोटी प्रबंधनीय समस्याओं में विभाजित करना।
(2) समस्या से संबंधित जानकारी के केवल एक ही पहलू पर ध्यान केंद्रित करना।
(3) ऐसी जानकारी पर ध्यान देना जो पहले से मौजूद विश्वासों और पूर्वाग्रहों की पुष्टि करें।
(4) समस्याओं को एक विशिष्ट निर्धारित तरीके से हल करना।

27. Meaningful learning is primarily NOT about :
(1) constructing knowledge (2) developing skills
(3) memorizing information (4) understanding the concept

अर्थपूर्ण अधिगम मुख्य रूप से किसके बारे में **नहीं** है ?
(1) ज्ञान का निर्माण (2) कौशलों का विकास
(3) जानकारी को रटना (4) अवधारणाओं को समझना

28. Challenges in social communication are evident in :
(1) Autism Spectrum Disorder (2) Learning Disabilities
(3) Attention deficit hyperactivity disorder (4) Cerebral palsy

सामाजिक संचार में चुनौतियाँ किसमें स्पष्ट होती हैं ?
(1) स्वलीन क्रम विकार में (2) अधिगमात्मक विकलांगता में
(3) ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार में (4) मस्तिष्क पक्षाघात में

29. Two important cognitive development milestones of sensorimotor stage of Piaget's theory of cognitive development are :
(1) Object permanence and deferred imitation
(2) Reversibility of thought and hypothetic-deductive reasoning
(3) Animism and Transformation
(4) Classification and seriation

पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के संवेदी चालक अवस्था के दो महत्वपूर्ण संज्ञानात्मक विकास मील के पत्थर हैं :
(1) वस्तु स्थायित्व और स्थगित अनुसरण
(2) प्रतिवर्ती चिंतन और परिकल्पित-निगमनात्मक तर्क
(3) जीववाद और परिवर्तन
(4) वर्गीकरण और क्रमबद्धता

30. According to Howard Gardner while a scientist would exhibit high __________ Intelligence, a sculptor would have high __________ Intelligence.
(1) Logical-mathematical; Bodily Kinesthetic
(2) Spatial; Bodily Kinesthetic
(3) Naturalistic; Spatial
(4) Transductive; Spatial

हॉवर्ड गार्डनर के अनुसार एक वैज्ञानिक __________ बुद्धि का उच्च प्रदर्शन करेगा जबकि एक मूर्तिकार में __________ बुद्धि की उच्च बुद्धिमत्ता होगी।
(1) तार्किक-गणितीय; गतिसंवेदी
(2) स्थानिक; गतिसंवेदी
(3) प्रकृतिवादी; स्थानिक
(4) ट्रांसडक्टिव; स्थानिक

## PART - II / भाग - II
## MATHEMATICS / गणित

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**31.** The difference of the place values of 5 and 7 in the number 352876 is :
संख्या 352876 में 5 और 7 के स्थानीय मानों का अंतर है :
(1) 49930 (2) 49993 (3) 49997 (4) 50007

**32.** Students feel difficulty in solving division problems because :
(1) For solving division problems students need to know addition, subtraction and multiplication thoroughly.
(2) Students do not like the sign of division.
(3) Division problems have no utility in daily life.
(4) There are no informal ways of solving division problems
विद्यार्थियों को भाग की समस्याएँ हल करने में कठिनाई आती है क्योंकि :
(1) भाग की समस्याएँ हल करने के लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी जमा, घटा और गुणा करना अच्छी तरह से जान लें
(2) विद्यार्थी भाग का चिन्ह पसंद नहीं करते
(3) भाग की समस्याओं की दैनिक जीवन में कोई उपयोगिता नहीं है
(4) भाग की समस्याओं को हल करने के लिए कोई अनौपचारिक कलन विधियां नहीं होती हैं

**33.** The smallest four-digit number which is a multiple of 6, 7 and 4 is :
चार अंकों की वह न्यूनतम संख्या, जो 6, 7 और 4 का गुणज है, निम्न है :
(1) 1000 (2) 1002 (3) 1006 (4) 1008

**34.** Which of the following statements is NOT true with respect to the concept of Fractions ?
(1) It represents a part of a whole which is greater than 1
(2) The mathematical notation of a fraction can be represented as a division problem
(3) It represents a part of a collection of same objects
(4) The mathematical notation of a fraction can be represented as a ratio
भिन्नों की अवधारणा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है ?
(1) यह एक पूर्ण का वह भाग निरूपित करता है जो कि '1' से बड़ा हो
(2) एक भिन्न का गणितीय चिन्ह (नोटेशन) एक विभाजन समस्या को निरूपित करने के लिए किया जा सकता है
(3) यह एक समान वस्तुओं वाले समूह के भाग को निरूपित करता है
(4) एक भिन्न का गणितीय चिन्ह (नोटेशन) एक अनुपात के रूप में निरूपित किया जा सकता है

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

35. Which of the following is most appropriate for including open ended questions in mathematics class ?

(1) These questions take more time to solve

(2) These questions are not easy to copy from each other

(3) These questions develop critical thinking in students

(4) Answers to these questions are not given in the book

गणित की कक्षा में मुक्त सिरे वाले प्रश्नों को समाकलित करने के लिए निम्नलिखित में से क्या सबसे अधिक उपयुक्त है?

(1) इन प्रश्नों को हल करने में समय अधिक लगता है

(2) इन प्रश्नों की एक-दूसरे से नकल करना आसान नहीं है

(3) ये प्रश्न विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन का विकास करते हैं

(4) इन प्रश्नों के उत्तर पुस्तक में नहीं दिए होते

36. Jasmine said, "A rectangle has two pairs of opposite sides parallel; a square also has two pairs of opposite sides parallel and so does a parallelogram. So, both rectangle and square are also parallelograms."

Jasmine is at _________ stage of Van Hieles theory of geometric thinking.

(1) Analysis (2) Relationships

(3) Formal Deduction (4) Visualization

जैसमीन ने कहा, ''एक आयत में विपरीत भुजाओं के दो युग्म समानांतर होते हैं; एक वर्ग में भी विपरीत भुजाओं के दो युग्म समानांतर होते हैं और उसी प्रकार एक समानांतर चतुर्भुज में भी। इसलिए आयत और वर्ग दोनों ही समानांतर चतुर्भुज होंगे।''

जैसमीन, वैन हैले के सिद्धांत के ज्यामितीय चिंतन के ________ स्तर पर है।

(1) विश्लेषण (2) संबंधों की समझ

(3) औपचारिक निगमन (4) दृश्यीकरण

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**37.** What is the result when 7 kg 7 g is subtracted from 9 kg ?

9 kg में से 7 kg 7 g को घटाने पर क्या परिणाम प्राप्त होता है ?

(1) 1.3 kg (2) 1.993 kg (3) 1.93 kg (4) 1.093 kg

**38.** A triangle having all sides of different lengths is called :

(1) An equilateral triangle (2) An isosceles triangle

(3) A scalene triangle (4) A right triangle

एक त्रिभुज जिसकी सभी भुजाएं अलग-अलग लम्बाइयों की होती हैं, कहलाता है :

(1) एक समबाहु त्रिभुज (2) एक समद्विबाहु त्रिभुज

(3) एक विषमबाहु त्रिभुज (4) एक समकोण त्रिभुज

**39.** A child solved a problem : $\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{2}{5}$. What is the most appropriate inference drawn from the solution ?

(1) Child does not know addition of numbers

(2) Child does not know how to take L.C.M.

(3) Child does not know how to represent fractions on number line

(4) Child has extended the concept of addition of natural numbers to addition of fractions

एक बच्चे ने प्रश्न हल किया : $\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{2}{5}$ । इस हल से सबसे उपयुक्त क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(1) बच्चे को संख्याओं को जोड़ना नहीं आता है

(2) बच्चे को लघुत्तम समापवर्त्य लेना नहीं आता है

(3) बच्चा नहीं जानता कि भिन्नों को संख्या रेखा पर कैसे प्रदर्शित किया जाता है

(4) बच्चे ने प्राकृतिक संख्याओं के जोड़ की अवधारणा को भिन्नों के जोड़ तक विस्तारिक किया है

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**40.** A primary class mathematics teacher gave his students the following problem to solve :

"How many classes of 28 pupils would be needed for a school of 616 pupils ?"

One of the student solved the problem in the following way :

1 Class = 28 Pupils

$10 \rightarrow 2\,8\,0$

$10 \rightarrow \underline{2\,8\,0}$

$\quad\quad 5\,6\,0$

$2 \rightarrow \underline{\quad 5\,6} \qquad \rightarrow 10 + 10 + 2 = 22$ Classes

$\quad\quad \underline{6\,1\,6}$

Which of the following is most appropriate for the algorithm used by the student ?

(1) The student has used the associative law of division across addition to solve the problem

(2) The student has used the distributive law of division across addition to solve the problem

(3) The student has used both the distributive and associative laws of division to solve the problem

(4) The student has used an incorrect algorithm to solve the problem

प्राथमिक कक्षा के एक गणित के शिक्षक ने अपने विद्यार्थियों को निम्नलिखित समस्या हल करने को दी :

''616 विद्यार्थियों के स्कूल के लिए 28 विद्यार्थियों वाली कितनी कक्षाओं की आवश्यकता होगी ?''

एक विद्यार्थी ने समस्या को इस प्रकार हल किया :

1 कक्षा = 28 विद्यार्थी

$10 \rightarrow 2\,8\,0$

$10 \rightarrow \underline{2\,8\,0}$

$\quad\quad 5\,6\,0$

$2 \rightarrow \underline{\quad 5\,6} \qquad \rightarrow 10 + 10 + 2 = 22$ कक्षाएँ

$\quad\quad \underline{6\,1\,6}$

निम्नलिखित में से विद्यार्थी द्वारा उपयोग की गई कलनविधि के लिए कौन-सा सबसे उपयुक्त है ?

(1) विद्यार्थी ने समस्या हल करने के लिए योग पर विभाजन के सहचार्य नियम का उपयोग किया है

(2) विद्यार्थी ने समस्या हल करने के लिए योग पर विभाजन के वितरण नियम का उपयोग किया है

(3) विद्यार्थी ने समस्या हल करने के लिए विभाजन के वितरण और सहचार्य दोनों नियमों का उपयोग किया है

(4) विद्यार्थी ने समस्या हल करने के लिए एक गलत कलनविधि का उपयोग किया है

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

41. Which of the following statements are true with respect to 'Data handling' ?

(1) A graphical representation of data is easier to understand when there is a trend or comparison to be shown.

(2) A bar graph displays data that changes continuously over periods of time.

(3) A line graph is used to show comparison among categories of data.

(4) A histogram is used to compare the parts of a whole.

'आँकड़ों का प्रबंधन' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(1) आँकड़ों का आलेखों द्वारा प्रदर्शन समझने में बहुत आसान होता है, जब भी आँकड़ों का रूझान या तुलना दिखानी हो।

(2) एक दंड-आलेख ऐसे आँकड़ें प्रस्तुत करता है, जो समय के साथ-साथ लगातार बदलते रहते हैं।

(3) एक रेखा-आलेख आँकड़ों की विभिन्न श्रेणियों के बीच तुलना करने के काम आता है।

(4) एक आयत चित्र किसी एक संपूर्ण के विभिन्न भागों की तुलना करने के लिए उपयोग किया जाता है।

42. Which of the following is least appropriate about Formative Assessment in mathematics classrooms ?

(1) To check the progress of students during instructional activities

(2) To identify students' conceptual understanding

(3) It helps to identify students' misconceptions

(4) It provides cumulative evaluations that helps to rank children

गणित की कक्षाओं में निम्नलिखित में से कौन-सा रचनात्मक आकलन के बारे में सबसे कम उपयुक्त है?

(1) निर्देशात्मक क्रियाकलापों के दौरान विद्यार्थियों की प्रगति को जाँचना

(2) विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ की पहचान करना

(3) यह विद्यार्थियों की भ्रांतियों की पहचान करने में सहायता करता है

(4) यह संचयी मूल्यांकन उपलब्ध कराता है जो कि बच्चों को श्रेणीबद्ध करने में सहायता करता है

43. The sum of the prime numbers between 31 and 60 is :

31 से 60 तक के बीच की अभाज्य संख्याओं का योग है :

(1) 221 (2) 227 (3) 280 (4) 311

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

44. A 3rd standard student, when asked to write one hundred and five in numeral form, s/he writes it as '1005'. This indicates that :
(1) The student is a slow learner
(2) s/he is mischievous
(3) s/he needs more help in understanding the concept of place value
(4) s/he is unfit to learn mathematics
तीसरी कक्षा के एक विद्यार्थी से जब एक सौ पाँच को अंक के रूप में लिखने को कहा जाता है तो वह इसे '1005' लिखता / लिखती है। यह इंगित करता है :
(1) विद्यार्थी सीखने में कमज़ोर है
(2) वह शरारती है
(3) उसे स्थानीय मान की अवधारणा को समझने में और सहायता की आवश्यकता है
(4) वह गणित सीखने में अयोग्य है

45. Which of the following letters has two lines of symmetry ?
निम्न में से किस अक्षर की दो सममिति रेखाएं हैं ?
(1) H (2) B (3) E (4) U

46. What is the most appropriate cognitive skill that help students to recognize and group shapes according to their attributes and properties ?
(1) Classification (2) Seriation (3) Conservation (4) Decomposition
सबसे उपयुक्त संज्ञानात्मक कौशल क्या है जो विद्यार्थियों को विशेषताओं और गुणों के अनुसार आकृतियों को पहचानने और उनका समूह बनाने में मदद करता है ?
(1) वर्गीकरण (2) क्रमबद्धता (3) संरक्षण (4) अपघटन

47. The sum of the greatest and smallest six digit numbers that can be formed from the digits 5, 9, 0, 2, 8 and 6 (without repetition) is :
अंकों 5, 9, 0, 2, 8 और 6 से (बिना पुनरावर्ती के) 6 अंकों की बनाई जा सकने वाली सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याओं का योग है :
(1) 1292290 (2) 1292209 (3) 1192290 (4) 1192209

48. Radha walks 3 km 725 m per day on Monday, Wednesday and Friday, whereas she walks 2 km 9 m per day on Tuesday and Thursday. Total distance covered by her from Monday to Friday is :
राधा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को प्रतिदिन 3 km 725 m चलती है, जबकि मंगलवार और बृहस्पतिवार को वह प्रतिदिन 2 km 9 m चलती है। उसके द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक चली गई कुल दूरी है :
(1) 16.975 km (2) 16.202 km (3) 15.355 km (4) 15.193 km

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

49. The missing numbers in the pattern 12, 14, 17, 13, 8, 14, 21, _, _ are respectively :

पैटर्न 12, 14, 17, 13, 8, 14, 21, _, _ में लुप्त दो संख्याएँ क्रमशः हैं :

(1) 15, 7 (2) 12, 3 (3) 14, 5 (4) 13, 4

50. Which one of the following is the most effective way to introduce the concept of area to fourth graders ?

(1) Tessellations
(2) Abacus
(3) Formula based method
(4) Approximation and Estimation

चौथी कक्षा के बच्चों को क्षेत्र की अवधारणा से परिचित कराने का सबसे प्रभावी तरीका कौन-सा है ?

(1) टेसेलेशन (टाइलिंग)
(2) गिनतारा
(3) सूत्र आधारित विधि
(4) सन्निकटन और अनुमान

51. The product of the predecessor of 201 and the successor of 4781 is :

201 के पूर्ववर्ती और 4781 के परवर्ती का गुणनफल है :

(1) 956200 (2) 956400 (3) 965560 (4) 965650

52. According to National Education Policy 2020 Mathematics and Computational Thinking is to be given increased importance as :

(1) It is the most difficult aspect of learning in school
(2) It is foundational to human survival
(3) It is foundational to evolving technologies like Artificial Intelligence (AI), machine learning and Data Science etc
(4) It can be a substitute for a teacher

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 गणित और कम्प्यूटेशनल सोच के महत्व को बढ़ावा देती हैं क्योंकि :

(1) यह स्कूल में सीखने का सबसे कठिन पहलू है
(2) यह मानव अस्तित्व के लिए मूलभूत है
(3) यह एआई (AI), मशीन लर्निंग और डेटा साइंस आदि जैसी उभरती हुई तकनीकों का आधार है
(4) यह एक शिक्षक का स्थान ले सकता है

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**53.** In class III, 150 children were asked to name their one favourite fruit and results for 5 favourite fruits were written in the form of the following table :

| Name of the Fruit | Number of Children |
|---|---|
| Apple | 28 |
| Guava | 26 |
| Mangoes | 44 |
| Banana | 14 |
| Grapes | 28 |

Choose the **correct** option :

(1) The number of children who like Mangoes and Banana is two times the number of children who like Guava.

(2) Ten children do not like any fruit given in the table.

(3) Equal number of children have Apple and Guava as their favourite fruit.

(4) The difference between the number of childrens who like grapes and those who like bananas is 16.

कक्षा III में 150 बच्चों से उनके पसंदीदा एक फल के बारे में पूछा गया और 5 पसंदीदा फलों के परिणामों को निम्न तालिका में लिखा गया :

| फल का नाम | बच्चों की संख्या |
|---|---|
| सेब | 28 |
| अमरूद | 26 |
| आम | 44 |
| केला | 14 |
| अंगूर | 28 |

**सही** विकल्प को चुनिए :

(1) आम और केला पसंद करने वाले बच्चों की संख्या, अमरूद पसंद करने वाले बच्चों की संख्या की दुगुनी है।

(2) 10 बच्चे, इस तालिका में दिए गए किसी भी फल को पसंद नहीं करते हैं।

(3) सेब और अमरूद पसंद करने वाले बच्चों की संख्या समान है।

(4) अंगूर और केलों को पसंद करने वाले बच्चों की संख्याओं का अंतर 16 है।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

(1) Beginner readers can focus better on bigger units than smaller units.
(2) Words and texts create meaningful associations which letters fail to do.
(3) Words and texts are more interesting but letters are not.
(4) Separate letters are more difficult to memorise than words.

**117.** Which of the following skills is NOT considered as a mark of reading with comprehension ?
(1) Focusing on individual letters/ alphabets.
(2) Anticipating the content ahead.
(3) Organizing and assessing the sequence of events or ideas.
(4) Mentally summarising the text read till now.

**118.** Veera is a seven month old infant. She is now making vocalizations that combine consonants and vowels. She is communicating using which of the following ?
(1) Phonemes. (2) Babbling.
(3) Cooing. (4) Linguistic speech.

**119.** Mark the INCORRECT statement among the following, regarding text-comprehension strategies :
(1) Skimming involves going through the text rapidly while scanning involves looking for specific facts.
(2) Skimming is more about in-depth reading while scanning is more of cursory reading.
(3) Skimming is more apt for reviewing while scanning helps more with answering particular questions.
(4) Both skimming and scanning involve rapid eye movement through the text.

**120.** When children start using language to ask about things, events and phenomenon around them, which of the following functions of language is used more than the others ?
(1) Imaginative. (2) Regulatory. (3) Informative. (4) Heuristic.

# भाग - IV
# भाषा - I : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-IV ( प्र.सं. 91 से 120 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (91-99)**

मानसिक जगत में परिवर्तन कैसे आया? जब मानव ने मन के विकास के लिए भौतिक और मानसिक दुनिया की खामियों के खिलाफ लड़ाई शुरू की तो मानसिक परिवर्तन होने लगे। यही लड़ाई अब भी जारी है और आगे भी रहेगी। आनंद मार्ग दर्शन के अनुसार मानसिक दुनिया में परिवर्तन को ज्ञान योग कहा जा सकता है। यह बदलाव भी पूर्ण महत्व का नहीं, सापेक्ष महत्व का ही था। क्या मनुष्य ने अपनी अंतर्निहित खामियों के खिलाफ लड़ाई में किसी बड़ी ताकत की मदद ली? हां। उन शुरुआती दिनों में लोगों ने देखा कि भौतिक दुनिया की अपेक्षा मानसिक दुनिया में अधिक खामियाँ थीं।

गहन विश्लेषण के बाद मनुष्यों ने निष्कर्ष निकाला कि यदि वे अपनी मानसिक प्रवृत्तियों को एक बिंदु पर केंद्रित कर सकते हैं और उन्हें ब्रह्मांडीय ऊर्जा में विलीन कर सकते हैं, तो वे उस ब्रह्मांडीय ऊर्जा की सहायता से अपनी खामियों को दूर करने में सक्षम होंगे और पोषित लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे।

**91.** 'खामियाँ' शब्द है __________ ।

(1) आगत (2) देशज (3) तद्भव (4) तत्सम

**92.** 'अंतर्निहित' का समानार्थी शब्द **नहीं** है __________ ।

(1) समाहित (2) सन्निहित (3) समाविष्ट (4) समायोजित

**93.** आरंभिक दिनों के संदर्भ में कौन सा कथन **सत्य** है?

(1) भौतिक व मानसिक जगत में एक सी कमियाँ थीं।
(2) भौतिक जगत की अपेक्षा मानसिक जगत में अधिक कमियाँ थीं।
(3) भौतिक जगत की अपेक्षा मानसिक जगत में कम कमियाँ थीं।
(4) भौतिक व मानसिक जगत दोनों में कोई कमी नहीं थीं।

**94.** मानसिक परिवर्तन कैसे होने लगे?

(1) मानव मन के विकास के कारण
(2) मानसिक चिंतन करने के कारण
(3) अपनी कमियों को दूर करने के प्रयासों के कारण
(4) परिवर्तन सततः होने वाली प्रक्रिया है

**95.** आनंद मार्ग दर्शन के अनुसार मानसिक स्तर के परिवर्तन को कहा गया है __________ ।

(1) ब्रह्म योग (2) राज योग (3) ज्ञान योग (4) सहज योग

**96.** 'भौतिक' में मूल शब्द तथा प्रत्यय है __________ ।

(1) भूत + तिक (2) भूत + इक (3) भूत + ईक (4) भौति + क

**97.** 'ब्रह्मांडीय ऊर्जा' का अर्थ है __________ ।

(1) ब्रह्मांड की ऊर्जा (2) ब्रह्मा की ऊर्जा (3) ब्राह्मण की ऊर्जा (4) ब्रह्म और ऊर्जा

**98.** गद्यांश के अनुसार मनुष्य को __________ की ज़रूरत है।

(1) अपनी क्षमताओं को पहचानने (2) अपनी कमियों को दूर करने

(3) अपनी क्षमताओं को उन्नत करने (4) ब्रह्मांडीय ऊर्जाओं की खोज करने

**99.** मानसिक दुनिया से तात्पर्य है __________।

(1) काल्पनिक दुनिया (2) मन की स्थिति

(3) मन में उठने वाले भाव (4) मनभावन दुनिया

**नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए। (100-105)**

जीवन अर्पण लिए हुए
पाता कभी खोता कभी
आशा निराशा से घिरा
हँसता कभी रोता कभी,
गति-मति न हो अवरुद्ध
इसका ध्यान आठों याम है
चलना हमारा काम है।

**100.** जीवन की विषम परिस्थितियों को व्यक्त करने के लिए उचित उदाहरण **नहीं** है?

(1) कभी खोना कभी पाना (2) कभी आशा कभी निराशा

(3) कभी हँसना कभी रोना (4) कभी सोना कभी रोना

**101.** समूह से भिन्न शब्द है -

(1) भिन्न-भिन्न (2) पाना-खोना (3) हँसना-रोना (4) आशा-निराशा

**102.** कविता के भावानुसार जीवन में __________सदा रहते हैं।

(1) अपने-अपने (2) गति-मति (3) आठों याम (4) सुख-दुःख

**103.** चाहे कितने भी दुःख आएँ, मनुष्य को __________।

(1) सदा शांत रहना चाहिए (2) सदा मुस्कुराते रहना चाहिए

(3) कार्य रोक देने चाहिए (4) कार्य करते रहना चाहिए

**104.** 'आठों याम' से तात्पर्य है -

(1) आठ की संख्या (2) आठ प्रहर (3) आठ स्तर (4) आठ दिशाएँ

**105.** जीवन कैसा है?

(1) बेहद दुखद (2) बेहद सुखद

(3) आशा-निराशा से घिरा (4) आशाओं से घिरा हुआ

**106.** मानव भाषा के किस गुणधर्म के कारण मनुष्य उन चीज़ों के बारे में बोल पाते हैं जो उनके तात्कालिक समय और स्थान में मौजूद नहीं है?

(1) विस्थापन (डिस्प्लेसमैंट) (2) यादृच्छिकता

(3) संरचना निर्भरता (4) वियोजन सामर्थ्य (डिस्क्रीटनैस)

**107.** निम्नलिखित में से क्रेशन की परिकल्पना में से कौन-सा वायगोत्सकी के ZPD के समान है?

(1) निवेश परिकल्पना
(2) परिवीक्षण (मॉनीटर) परिकल्पना
(3) प्राकृतिक व्यवस्था परिकल्पना
(4) अफेक्टिव फिल्टर परिकल्पना

**108.** उत्पादक शब्द संपदा क्या है?

(1) वे शब्द जिनको हम जैसा सुनते हैं वैसा ही पहचानते हैं
(2) उन शब्दों पर ध्यान देना जिनको हम पंक्तियों से परे जाकर पढ़ते हैं
(3) वे शब्द जिनका प्रयोग लेखन और बोलने में किया जाता है
(4) वे शब्द जो पाठक के लिए नए हैं

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीय भाषा शिक्षण के व्याकरण अनुवाद विधि का गुणधर्म **नहीं** है?

(1) प्रथम और द्वितीय भाषा के व्याकरणिक नियमों की तुलना करना
(2) द्वितीय भाषा के व्याकरण के नियमों का अधिगम और अभ्यास
(3) द्वितीय भाषा में सीधे ही सम्प्रेषण करना और उसके बाद दो भाषाओं के व्याकरण के नियमों की तुलना करना
(4) भाषा के प्रकार्यों के स्थान पर नियमों पर अधिक ध्यान देना

**110.** एक अध्यापक ने अपने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस बात पर विमर्श करें कि उन्होंने उसके द्वारा दिए गए अनुभवजनित प्रश्न का उत्तर किस प्रकार दिया और उस प्रश्न का उत्तर लिखते समय वे क्या और किस प्रकार सोच रहे थे। यह किसका उदाहरण है?

(1) अधिसंज्ञान
(2) रूपक
(3) अधिभाषावाद
(4) अधिसांकेतिकता (मेटासीमियोटिक)

**111.** एक समुदाय विशेष के बोलने-चालने के तरीके में यह देखा गया कि दो भिन्न-भिन्न सामाजिक आर्थिक समूहों के लोग '21' को भिन्न-भिन्न तरीके से उच्चारित करते हैं। यह किस प्रकार का उदाहरण है?

(1) सामाजिक भाषिक चर
(2) परिणामवादी (प्रेग्मेटिक) चर
(3) सामाजिक सांस्कृतिक चर
(4) सामाजिक मनोवैज्ञानिक चर

**112.** मातृभाषा आधारित बहुभाषावाद किसकी अनुशंसा करता है?

(1) सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा उनकी मातृभाषा या घर की भाषा में शुरू होनी चाहिए
(2) सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा उनके राज्य की भाषा में शुरू होनी चाहिए
(3) सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा की शुरुआत अंग्रेज़ी माध्यम और घर की भाषा में होनी चाहिए
(4) सभी बच्चे अपनी प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी का अध्ययन करते हैं

**113.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा भाषा अर्जन उपकरण की अवधारणा की व्याख्या **नहीं** की गयी है?

(1) बच्चे अपनी प्रथम भाषा कैसे सीखते हैं।
(2) बच्चे 4 - 5 वर्षों की कम अवधि के भीतर कैसे भाषा सीखने योग्य बन जाते हैं।
(3) बच्चे आकृति मूलक भाषा कैसे सीख लेते हैं।
(4) बच्चों का भाषिक उत्पाद उन्हें मिले भाषिक निवेश से अधिक क्यों होता है।

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषाओं और बोलियों के बारे में भाषिक रूप से सही है?

(1) भाषाओं में साहित्य लिखा गया है परन्तु बोलियाँ मौखिक परम्परा का निर्वाह करती हैं।

(2) भाषाएँ और बोलियाँ भाषिक रूप से भिन्न-भिन्न हैं परन्तु भौगोलिक रूप से एक समान हैं।

(3) भाषाओं की अपनी लिपि होती है परन्तु बोलियों की कोई लिपि नहीं होती है।

(4) भाषा और बोलियों में कोई सुपरिभाषित भाषिक अन्तर नहीं है।

**115.** क्यूमिन की अन्तरनिर्भरता परिकल्पना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी एक-दूसरे पर पारस्परिक रूप से निर्भर है?

(1) द्वितीय भाषा में बोधगम्यता और उत्पाद

(2) प्रथम और द्वितीय भाषा में संज्ञानात्मक अकादमिक निपुणता

(3) द्वितीय भाषा में पठन और लेखन

(4) प्रथम और द्वितीय भाषा में बुनियादी अन्त: वैयक्तिक कौशल

**116.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षरों और वर्णमाला के स्थान पर शब्दों और लघुकथा सामग्री के आधार पर पठन कौशल आरंभ करने को तर्कसंगत नहीं ठहराता?

(1) शुरुआती पाठक छोटी-छोटी इकाइयों की तुलना में बड़ी इकाइयों पर बेहतर तरीके से ध्यान केन्द्रित कर पाते हैं

(2) शब्द और पाठ्य सामग्री सार्थक सम्बद्धता सृजित कर पाती हैं जो कि अक्षर नहीं कर पाते हैं

(3) शब्द और पाठ्य सामग्री अधिक रुचिकर होती हैं जबकि अक्षर नहीं

(4) शब्दों की अपेक्षा पृथक अक्षरों को कंठस्थ करना अधिक कठिन है

**117.** निम्नलिखित में से कौन-सा कौशल समझ के साथ पठन का लक्षण **नहीं** है?

(1) अक्षरों और वर्णमाला पर ध्यान केन्द्रित करना

(2) विषयवस्तु से आगे का अनुमान लगाना

(3) घटनाओं और विचारों के क्रम का संयोजन और आकलन करना

(4) अब तक पढ़ी गई सामग्री का मानसिक रूप से सारांशीकरण करना

**118.** वीरा सात माह की शिशु है। वह अब कुछ इस तरह की आवाजें निकाल रही है जिसमें स्वर और व्यंजन मिश्रित हैं। वह किस रूप में सम्प्रेषित कर रही है?

(1) ध्वनिग्राम (2) बबलाना (3) कूजन (कूइंग) (4) भाषिक वाक्

**119.** पाठ्य सामग्री बोधगम्यता के संदर्भ में निम्नलिखित में से **गलत** कथन का चयन करें :

(1) स्किमिंग (सरसरी तौर पर पठन) के अन्तर्गत पाठ्य सामग्री को शीघ्रता से पढ़ा जाता है जबकि स्कैनिंग (बारीकी से पठन) के अन्तर्गत विशिष्ट तथ्य जानने के लिए पढ़ा जाता है।

(2) स्किमिंग में गहराई से पठन किया जाता है जबकि स्कैनिंग में सरसरी तौर पर पढ़ा जाता है।

(3) स्किमिंग समीक्षा करने के लिए अधिक उपयुक्त है जबकि स्कैनिंग द्वारा किसी विशेष प्रश्न का उत्तर देने में मदद मिलती है।

(4) स्किमिंग और स्कैनिंग दोनों में ही पाठ्य सामग्री पढ़ने के दौरान तीव्र नेत्र गति शामिल है।

**120.** जब बच्चे अपने आस-पास के परिवेश की वस्तुओं, घटनाओं और अवधारणाओं के बारे में पूछना आरंभ कर देते हैं तो भाषा का कौन-सा प्रकार्य अधिक प्रयोग में लाया जाता है?

(1) कल्पनाशीलता (2) नियन्त्रक (रेग्युलेटरी)

(3) सूचनात्मक (4) खोजबीन परक

# PART - V

## LANGUAGE – II : ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only.

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (121-128)**

A couple of days later, there was a music recital in the Bharatendu Auditorium, one of the two largest auditoriums in town. One of the performers was Ustad Majeed Khan.

Lata and Malati both managed to get tickets. So did Hema, a tall, thin and high-spirited friend of theirs who lived with innumerable cousins–boys and girls–in a house not far from Nabiganj. They were all under the care of a strict elder member of the family who was referred to by everyone as Tauji. Hema's Tauji had quite a job on his hands, as he was not only responsible for the well-being and reputation of the girls of the family but also had to make sure that the boys did not get into the countless kinds of mischief that boys are prone to. He had often cursed his luck that he was the sole representative in a university town of a large and far-flung family. He had on occasions threatened to send everyone straight back home when they had caused him more trouble than he could bear. But his wife, Taiji to everyone, thought she herself had been brought up with almost no liberty or latitude, felt it was a great pity that her nieces and grandnieces should be similarly constrained. She managed to obtain for the girls what they could not obtain by a more direct approach.

This evening Hema and her cousin had thus succeeded in reserving the use of Tauji's large maroon Packard car and went around town collecting their friends for the concert. No sooner was Tauji out of sight than they had entirely forgotten his outraged parting comment. "Flowers ? Flowers in your hair ? Rushing off in exam time- and listening to all this pleasure - music! Everyone will think you are completely dissolute–you will never get married."

**121.** Identify the word nearest in meaning to 'constrained'.
(1) arrested (2) caught (3) confined (4) laid

**122.** What cultural show was being held in the town ?
(1) A popular play (2) A dance performance
(3) A classical music recital (4) A blockbuster movie

**123.** How did Taiji manage to get concessions for the girls ?
(1) By arguing with Tauji (2) By persuading Tauji
(3) By fighting with Tauji (4) By adopting an indirect approach

**124.** What was Tauji's duty as a family patriarch ?
(1) To teach the youngsters
(2) To keep a strict watch on the youngsters' activities
(3) To get the youngsters married
(4) To cook for the youngsters

**125.** By nature and beliefs, Tauji can be described as a/an...
(1) conservative (2) liberal (3) anarchist (4) agnostic

**126.** Identify the tense of the given expression '...... had thus succeeded...'
(1) Simple Past Tense (2) Past Perfect Tense
(3) Simple Present Tense (4) Present Perfect Tense

**127.** What does the underlined expression <u>'the boys are prone to'</u> mean ?

(1) sure to have/get (2) not likely to have/get
(3) impossible to have/get (4) likely to have/get

**128.** State which of the following statements is True/False.
(A) Taiji was relatively liberal in her approach.
(B) Lata and Malati could not obtain tickets for the recital.
(1) Both (A) and (B) are True. (2) Both (A) and (B) are False.
(3) (A) is True but (B) is False. (4) (B) is True but (A) is False.

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (129-135)**

I designed, after my first voyage, to spend the rest of my days at Baghdad, but it was not long ere I grew weary of an indolent life and I put to sea a second time with merchants of known probity. We embarked on board of a good ship and set sail. One day we landed on an island covered with several sorts of fruit trees, but we could see neither man nor animal. While some diverted themselves with gathering flowers, and other fruits, I took my wine and provisions and sat down near a stream betwixt two high trees, which afforded a delightful shade. I made a good meal and afterwards fell asleep. When I woke up, the ship was no longer in view.

In this sad condition, I was ready to die with grief. When I gazed towards the sea, I could discern nothing but sky and water, but looking over the land I beheld something white, and coming down, I took what provision I had left and went towards the object which was so distant that at first could not distinguish what it was.

As I approached, I thought it to be a white dome of a prodigious height and extent. I drew near to it, and walked round it and found no door to it. I found that I had not strength nor activity to climb it on account of its exceeding smoothness. I went round the dome measuring its circumference. I meditated upon some means of gaining an entrance into it but no means of accomplishing this occurred to me.

By this time the sun was about to set, and all of a sudden the sky became as dark as if it had been covered with a thick cloud. I was much astonished at this sudden darkness but much more when I found it occasioned by a bird of a most extraordinary size that came flying towards me. I remembered that I had often heard mariners speak of a miraculous bird called the roc, and conceived that the great dome which I so much admired must be her egg. Shortly afterwards the bird alighted and sat over the egg.

**129.** Identify the tense of the underlined word in : 'I <u>drew</u> near to it....'
(1) Past Perfect (2) Simple Past (3) Simple Present (4) Future Perfect

**130.** The narrator left Baghdad because....
(1) He was weary of the city
(2) He was keen to visit another city
(3) He did not want to live a lazy life
(4) Both (1) and (3)

**131.** Choose the word nearest in meaning to the underlined word : '...... of a <u>prodigious</u> height and extent.'
(1) tall (2) large (3) narrow (4) marvellous

**132.** Identify the Part of Speech of the underlined word in the expression : '.... to die <u>with</u> grief.'
(1) Adverb (2) Adjective (3) Conjunction (4) Preposition

**133.** After realising that the ship had left, the narrator.....
(1) felt amused (2) was shocked
(3) was relieved (4) did not react

**134.** The 'White dome' finally turned out to be...
(1) a massive egg (2) a royal palace
(3) a place of worship (4) a luxurious mansion

**135.** What did the narrator do after reaching the island ?
(1) He took endless strolls around the island.
(2) He gathered fruits and flowers.
(3) He chatted with his colleagues.
(4) He sat down for a filling meal.

**136.** Which of the following is NOT a feature of communicative approach ?
(1) More focus on form than function.
(2) Contextualised use of language.
(3) Discovering rules of grammar instead of teaching explicitly.
(4) Developing communicative competence.

**137.** Reading or writing 'p' as 'b' or '6' as '9' is a common error among children with :
(1) Stuttering. (2) Aphasia. (3) Anomia. (4) Dyslexia.

**138.** Which of the following is NOT an example of formative assessment ?
(1) A series of oral and written tasks, role-play etc. throughout the session.
(2) A term-paper at the end of the session.
(3) A combination of a comprehensive written test and few other tasks scattered over a period of time.
(4) Assessment strategies ranging from short tests to peer-reviews throughout the session.

**139.** Basic Interpersonal Communicative Skills is known as :
(1) Higher order language skills.
(2) Language of abstraction.
(3) Language used for day-to-day communication.
(4) Interlanguage.

**140.** Which of the following would not help in textual comprehension and vocabulary development ?
(1) Word-maps. (2) Alphabet charts.
(3) Theme-maps. (4) Picture dictionaries.

**141.** Which of these statements is CORRECT regarding the two major types of assessment ?
(1) Formative assessment focuses on the form rather than function of learning.
(2) Summative assessment is about the sum total of every form of assessment through the year.
(3) Formative assessment goes on continuously through the learning phase.
(4) Summative assessment is done before and during the learning phase.

**142.** When a beginner reader uses his/her general knowledge about the text theme, cultural aspects etc. to make sense of the specific textual content, it is called :
(1) Top-down approach. (2) Top-up approach.
(3) Bottom-up approach. (4) Bottom-down approach.

**143.** A teacher teaching English as second language to Hindi-speaking students provides them contexts and opportunities to engage in little conversations in English without telling them explicit rules. She presents examples before them which they use in their conversations. Gradually, they come up with rules on their own with the help of the teacher. Which model/ approach do you think the teacher is following ?

(1) Grammar translation method. (2) Audio-lingual method.
(3) Communicative approach. (4) Direct method.

**144.** Error-analysis is important in order to look at the gaps in learning because :

(1) Most errors are caused by callous attitude of the learners.
(2) Errors are a window into the minds of the learners and their stage of learning.
(3) Errors indicate a lack in the understanding of the learners.
(4) Errors show extent of concept development and motivation.

**145.** Which one of the following is NOT true about an assessment ?

(1) It provides a holistic view of the student's progress.
(2) It presents concrete evidence of the student's performance.
(3) It helps to evaluate the pace of a student's progress.
(4) It can only be done by the teacher.

**146.** Which of the following DOES NOT help in creating an inclusive classroom ?

(1) Peer-group interaction and feedback system.
(2) Giving team-tasks.
(3) Adopting a multilingual approach.
(4) Having some students as monitors in the class.

**147.** Which of the following is NOT a desirable feature in children's literature ?

(1) Animal characters. (2) Explicit moral values.
(3) Big font size and familiar words. (4) Attractive pictures.

**148.** Which of the following is NOT considered a major domain of learning ?

(1) Cognitive (2) Socio-cultural (3) Affective (4) Psychomotor

**149.** Which genre of stories are the most relevant to propagate multilingualism and multiculturalism ?

(1) Folktales. (2) Autobiographies.
(3) Science fiction. (4) Lengthy tale.

**150.** Which of the following is NOT true regarding the Monitor Hypothesis given by Stephen Krashen ?

(1) It is used in the context of second language acquisition.
(2) It is based on the relationship between acquisition and learning.
(3) What is 'acquired' helps in monitoring what is 'learnt'.
(4) The learner can only monitor if s/he has enough time and enough knowledge of the rules.

# भाग - V
# भाषा - II : हिन्दी

| | |
|---|---|
| **महत्वपूर्ण :** | परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो। |

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (121-128)**

स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजेडी यह नहीं है कि शासक वर्ग ने औद्योगीकरण का मार्ग चुना, ट्रेजेडी यह रही है कि पश्चिम की देखादेखी और नकल में योजनाएँ बनाते समय – प्रकृति, मनुष्य और संस्कृति के बीच का नाजुक संतुलन किस तरह नष्ट होने से बचाया जा सकता है – इस ओर हमारे पश्चिम शिक्षित सत्ताधारियों का ध्यान कभी नहीं गया। हम बिना पश्चिम को मॉडल बनाए, अपनी शर्तों और मर्यादाओं के आधार पर, औद्योगिक विकास का भारतीय स्वरूप निर्धारित कर सकते हैं, कभी इसका ख्याल भी हमारे शासकों को आया हो, ऐसा नहीं जान पड़ता।

**121.** 'संतुलन' का विलोम शब्द है :
(1) असंतुलित (2) असंतुलन (3) आसंतुलन (4) असंतुलीत

**122.** स्वतंत्रता के बाद भारत की त्रासदी है __________।
(1) औद्योगीकरण
(2) पंचवर्षीय योजनाएँ
(3) पश्चिमी देशों का अंधानुकरण
(4) भारतीय मॉडल

**123.** गद्यांश में किस बिंदु को अनुचित ठहराया है ?
(1) प्रकृति की उपेक्षा
(2) प्रकृति को अधिक महत्व
(3) औद्योगिक विकास
(4) पश्चिमी अंधानुकरण को

**124.** योजनाएँ निर्धारित करते समय प्रमुख है __________।
(1) समय सीमा का ध्यान रखना
(2) प्रकृति और मनुष्य के संतुलन को बनाए रखना
(3) प्रकृति की अपेक्षा मनुष्य की उन्नति का विशेष ध्यान रखना
(4) प्राकृतिक सौंदर्य का विशेष ध्यान रखना

**125.** गद्यांश में किसके संतुलन की बात की गई है ?
(1) प्रकृति, मानवता और विकास
(2) प्रकृति, मानव और संस्कृति
(3) प्रकृति, मानव और उद्योग
(4) प्रकृति, मानव और मानवता

**126.** समूह से भिन्न शब्द है __________।
(1) मर्यादा (2) शर्त (3) संस्कृति (4) भारतीय

**127.** 'शिक्षित' में मूल शब्द तथा प्रत्यय है :
(1) शिक्षि + त (2) शिक्षा + त (3) शिक्षा + इत (4) शिक्षा +ईत

**128.** हमें औद्योगिक विकास के लिए __________ की आवश्यकता है।
(1) भारतीय मॉडल (2) पश्चिमी मॉडल (3) अमेरिकी मॉडल (4) यूरोपीय मॉडल

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (129-135)**

इस ब्रह्मांड में हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे से ज्यादा खास नहीं है क्योंकि परमात्मा की नजर में हम सब एक समान हैं। ध्यान–अभ्यास हमें सभी जीवों को एक समान देखने में मदद करता है। हम मानते हैं कि कोई भी व्यक्ति जो एक चौकीदार, क्लर्क या कैशियर है, वह उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि किसी कंपनी का कोई मालिक। हमें समझ आता है कि किसी कंपनी का मालिक कर्मचारियों के बिना काम नहीं कर सकता। चाहे वे अधिक वेतन पाने वाले हों या सबसे कम वेतन पाने वाले। सभी लोग अपनी–अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं। भले ही हम बाहर से रंग, रूप, समाज, संस्कृति आदि के स्तर पर अलग दिखते हैं लेकिन पिता–परमेश्वर की संतान होने के नाते हम सभी एक समान हैं।

**129.** समूह से भिन्न शब्द है –

(1) व्यक्ति (2) महत्वपूर्ण (3) संस्कृति (4) ज़्यादा

**130.** गद्यांश के अनुसार सभी व्यक्ति –

(1) एक समान हैं। (2) महत्वपूर्ण हैं।
(3) समान वेतन के अधिकारी हैं। (4) व्यवसाय में लगे हुए हैं।

**131.** किसी भी कार्य की सफलता में __________ योगदान होता है।

(1) सभी के परिश्रम का (2) सभी के धन का
(3) सभी की सम दृष्टि का (4) पदाधिकारियों के श्रम का

**132.** 'संस्कृति' शब्द में __________ प्रत्यय का प्रयोग होगा।

(1) इक (2) इत (3) इय (4) ईय

**133.** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि हम सभी समान हैं क्योंकि –

(1) हमारी जीवन–शैली समान हैं। (2) हमारा जीवन–लक्ष्य समान हैं।
(3) हम ईश्वर की संतान हैं। (4) हम कंपनी के कर्मचारी हैं।

**134.** गद्यांश में सभी मनुष्यों को समान भाव से देखने एवं __________ पर बल दिया गया है।

(1) समान वेतन देने (2) समान नौकरी देने
(3) व्यवहार करने (4) विशेष मानने

**135.** सभी व्यक्तियों को समान दृष्टि से देखने में सहायक है –

(1) समान दृष्टि का अभ्यास (2) आचरण का अभ्यास
(3) व्यवहारिक होना (4) ध्यान का अभ्यास

**136.** निम्नलिखित में से कौन–सा सम्प्रेषणात्मक उपागम का गुणधर्म **नहीं** है?

(1) प्रकार्य की अपेक्षा नियमों पर अधिक ध्यान देना
(2) भाषा का संदर्भगत प्रयोग
(3) स्पष्टता के साथ शिक्षण के स्थान पर व्याकरण के नियमों की खोज करना
(4) सम्प्रेषणात्मक दक्षता का विकास करना

**137.** 'प' को 'फ' की तरह लिखना या '6' को '9' की तरह लिखना किस तरह के बच्चों द्वारा यह सामान्य गलती की जाती है?

(1) हकलाने वाले बच्चों द्वारा
(2) वाचाघात (अफ़ेजिया)
(3) नामन विकार (एनोमिया)
(4) पठन वैकल्य (डिस्लैक्सिया)

**138.** निम्नलिखित में से कौन-सा रचनात्मक आकलन का उदाहरण **नहीं** है?

(1) पूरे सत्र के दौरान मौखिक और लिखित कार्यों की शृंखला और रोल प्ले आदि
(2) सत्र के अन्त में होने वाली सत्र परीक्षा
(3) समग्र लिखित परीक्षा और सत्र की विभिन्न अवधियों में दिए गए कुछ और कार्यों का मिश्रण
(4) पूरे सत्र भर में लघु अवधि परीक्षा से लेकर सहपाठी समीक्षा जैसी होने वाली आकलन की युक्तियाँ

**139.** बुनियादी अन्त: वैयक्तिक सम्प्रेषणात्मक कौशलों को किस रूप में जाना जाता है?

(1) उच्च स्तरीय भाषा कौशल
(2) अमूर्तता की भाषा
(3) दिन-प्रतिदिन के सम्प्रेषण के प्रयुक्त भाषा
(4) अन्तरभाषा (इंटरलैंग्विज)

**140.** निम्नलिखित में से कौन-सा पाठ्य सामग्री की बोधगम्यता और शब्दावली के विकास में मदद **नहीं** करेगा?

(1) शब्द मानचित्र
(2) वर्णमाला चार्ट
(3) थीम मानचित्र
(4) चित्र शब्दकोश

**141.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन आकलन के दो मुख्य प्रकारों के संदर्भ में सही है?

(1) रचनात्मक आकलन अधिगम के प्रकार्यों के स्थान पर नियमों पर अधिक ध्यान देता है।
(2) योगात्मक आकलन वर्ष भर चलने वाले आकलन के प्रत्येक स्वरूप की समग्रता के बारे में है।
(3) रचनात्मक आकलन अधिगम प्रक्रिया में सतत रूप से चलता है।
(4) योगात्मक आकलन अधिगम प्रक्रिया से पहले और उसके दौरान किया जाता है।

**142.** जब एक शुरुआती पाठक पाठ्यवस्तु की थीम, सांस्कृतिक पहलू आदि के बारे में अपने सामान्य ज्ञान का प्रयोग करता है, जिससे कि वह उस विशिष्ट पाठगत् सामग्री से अर्थ निकाल सके, तो यह क्या कहलाएगी?

(1) ऊर्ध्व-अधोगामी उपागम
(2) ऊर्ध्व-ऊर्ध्वगामी उपागम
(3) तल - ऊर्ध्वगामी उपागम
(4) तल - अधोगामी उपागम

**143.** एक अध्यापक हिंदी भाषी विद्यार्थियों को द्वितीय भाषा के रूप मे अंग्रेजी का अध्यापन करते समय उन्हें स्पष्ट रूप से नियम बताए बगैर अंग्रेजी में संक्षिप्त संवाद करने के संदर्भ और अवसर देता है वह उनके वार्तालाप में प्रयुक्त उदाहरण उनके समक्ष प्रस्तुत करता है। धीरे-धीरे शिक्षार्थी अध्यापक की मदद से स्वत: ही नियम सीख लेते हैं। अध्यापक किस मॉडल/उपागम का अनुपालन कर रहा है?

(1) व्याकरण अनुवाद विधि
(2) श्रव्य-भाषिक विधि
(3) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(4) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि

**144.** अधिगम में रह गई कमियों को देखने के संदर्भ में त्रुटि विश्लेषण महत्वपूर्ण है क्योंकि :
(1) अधिकतर त्रुटियाँ विद्यार्थियों के अनियत दृष्टिकोण के कारण होती हैं।
(2) गलतियाँ शिक्षार्थी के मस्तिष्क और अधिगम की अवस्था को समझने में सहायक हैं।
(3) गलतियाँ शिक्षार्थियों की समझ में रह गई कमियों की ओर संकेत करती हैं।
(4) गलतियाँ अवधारणा विकास और प्रेरणा को प्रदर्शित करती हैं।

**145.** निम्नलिखित में से कौन-सा आकलन के बारे में सही **नहीं** है?
(1) यह विद्यार्थी की प्रगति के बारे में समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है।
(2) यह विद्यार्थियों की उपलब्धि के बारे में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करता है।
(3) यह विद्यार्थियों की प्रगति की गति का मूल्यांकन करने में मदद करता है।
(4) यह केवल अध्यापक द्वारा ही किया जा सकता है।

**146.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा समावेशी कक्षा सृजित करने में मदद **नहीं** मिलेगी?
(1) सहपाठी समूह अन्त: क्रिया और पृष्ठ पोषण व्यवस्था
(2) समूहों में कार्य करने के लिए देना
(3) बहुभाषिक उपागम का अनुपालन करना
(4) कक्षा में कुछ विद्यार्थियों को कक्षा प्रमुख (मॉनीटर) बना देना

**147.** निम्नलिखित में से कौन-सा बाल साहित्य का अपेक्षित गुणधर्म **नहीं** है?
(1) पशु पात्र
(2) नैतिक मूल्यों का स्पष्टत: प्रदर्शन
(3) बड़ा फोंट आकार और परिचित शब्द
(4) आकर्षक चित्र

**148.** निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम का मुख्य क्षेत्र (डोमेन) **नहीं** है?
(1) संज्ञानात्मक (2) सामाजिक सांस्कृतिक
(3) भावात्मक (4) मनोगत्यात्मक

**149.** कथाओं की कौन-सी विधा बहुभाषावाद और बहु संस्कृतिवाद को प्रतिपादित करने के लिए सर्वाधिक रूप से प्रासंगिक है?
(1) लोककथाएँ (2) आत्मकथाएँ
(3) विज्ञान कथा (4) अविश्वसनीय बात (लेन्दी टेल)

**150.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्टीफन क्रेशन द्वारा दी गयी मॉनीटर परिकल्पना के संदर्भ में सही **नहीं** है?
(1) यह द्वितीय भाषा अर्जन के संदर्भ में प्रयुक्त की जाती है
(2) यह अर्जन और अधिगम के मध्य संबंध पर आधारित है
(3) 'क्या अर्जित किया गया है', 'सीखे' गए की मॉनीटरिंग करने में मदद करता है
(4) शिक्षार्थी तभी मॉनीटर कर सकते हैं जब उन्हें नियमों की पर्याप्त जानकारी हो और पर्याप्त समय हो

- o 0 o -

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue / Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the OMR Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and OMR Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and OMR Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/OMR Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their OMR Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the OMR Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and OMR Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस ओएमआर उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक ओएमआर उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं ओएमआर उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं ओएमआर उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/ओएमआर उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना ओएमआर उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने ओएमआर उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और ओएमआर उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व ओएमआर उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***